MADHU MULCHANDANI

GENERAL MANAGER (MARKETING/CORPORATE COMM.) RITS

(WOMEN ON TOP LEADER IN PUBLIC SECTOR AWARD, 2009)

सही मायनों में आप मधु मुलचंदानी को बहुमुखी प्रतिभा का धनी मान सकते हैं, क्योंकि इन्होंने अपने काम के माध्यम से इसे सही ठहराया है। मिडिल ईस्ट, अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिकी देशों में कई निर्माण कार्यों को सफलता पूर्वक अंजाम दे चुकीं मधु मुलचंदानी वर्तमान में मशहूर निर्माण कंपनी RITS में मार्केटिंग व कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन की जनरल मैनेजर हैं। दुनिया के 55 देशों में इन्होंने अनेक प्रोजेक्ट्स पूरे किए हैं, साथ ही लोकोमोटिव, वैगन, कोच और रेलवे ऑपरेटिंग सिस्टम को दुनिया के अन्य देशों में पहुंचाकर इन्होंने भारतीय रेलवे की विशालता व इसकी ख्याति को दुनिया भर में पहुंचाया है। मधु मुलचंदानी अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ बेहतरीन कार्यशैली से सभी प्रोजेक्ट्स को पूरा करती हैं। *मुंबई में हुए इस समारोह में इन्हें 'वुमेन ऑन टॉप लीडर इन पब्लिक सेक्टर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।*

रनर अप: रंजना कुमार, (VIGILANCE COMMISSIONER) CENTRAL VIGILANCE COMMISSION

SANGAMITRA DUTTA

FOUNDER DIRECTOR STYLUS AUTOMOTIVE PVT.LTD

(WOMEN ON TOP LEADING WOMAN OWNED INNOVATIVE PROJECT AWARD, 2009)

मिस संघमित्रा दत्ता देश की पहली महिला ऑटोमोटिव डिज़ाइनर/स्टाइलश हैं। सन् 2006 में पहली बार स्टाइलश ब्रांडेड व्हिकल के लिए खास भारतीय ऑटोमोटिव डिज़ाइन तैयार करने का श्रेय संघमित्रा दत्ता को है। इन्होंने स्टाइलश को एक ब्रांड के तौर पर प्रतिष्ठित किया। स्टाइलश ऑटोमोटिव ने कुछ शानदार काम, जैसे- एयरोस्पेस, ऑटोमोटिव, ऑटोमोटिव लाइटनिंग और मरीन सेगमेंट के लिए काम किया है। जहां तक इनके क्लाइंट्स की बात है तो कुछ नामी-गिरामी ट्रांसपोटेशन कंपनियां लूमैक्स इंडस्ट्रीज, एनएएल, एब्रा-मरीन दुबई के साथ ही इंटीरियर में सुपर कैटामारान्स इत्यादि हैं। विभिन्न क्षेत्रों में डिज़ाइन से संबन्धित संघमित्रा का 14 वर्षों का व्यापक अनुभव है, जो इन्हें बुलंदी पर पहुंचाता है। *भारत सहित दुनिया भर में ऑटोमोटिव इंडस्ट्रीज़ के लिए काम कर चुकीं संघमित्रा को दिशा भारती मीडिया द्वारा संपादित वुमेन ऑन टॉप द्वारा 'वुमेन ऑन्ड इनोवेटिव प्रोजेक्ट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।*

रनर अप: संगीता रेड्डी, (EXECUTIVE DIRECTOR) APPOLO HOSPITALS ENTERPRISE LIMITED

RANJANA KANTI

DIRECTOR CLAY N' COLOR

(WOMEN ON TOP BEST HUMANITARIAN INITIATIVE AWARD, 2009)

पिछले दो दशकों से भारतीयों की ज़िन्दगी को बदल रहीं रंजना कांति आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। इन्होंने हर भारतीय नागरिक के दिलों में अपनी जगह बनायी है तो इसके पीछे रंजना का समर्पण, प्यार और अपनापन ही है। दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद इन्होंने मरीन इंजीनियर से विवाह किया और आज दो सुन्दर बच्चों की मां हैं, मगर जीवन का असली उद्देश्य पूरा करने के लिए कमर कस चुकीं रंजना आज अपने पथ पर अग्रसर हैं। आज दुनियाभर के हजारों लोगों की सपोर्ट इनके इस नेक काम में है, क्योंकि इन्होंने सबके चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का बीड़ा उठाया है। *मुंबई में हुए इस समारोह में रंजना कांति को 'वुमेन ऑन टॉप बेस्ट ह्यूमेनिटेरियम अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।*

रनर अप: डॉ सुनीता अग्रवाल,
(MEDICAL DIRECTOR) DR. AGARWAL HOSPITALS